उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 15 चैत्र, शक संवत्, 1928
**( दिनांक : 05 अप्रैल, 2006 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** तथा **"ग"** )।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

5. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

6. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

7. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

8. वित्तीय वर्ष, 2006-2007 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

9. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

10. उत्तरांचल पावर कारपोरेशन द्वारा डाटा एन्ट्री आपरेटर के 92 रिक्त पदों पर नियुक्ति के सम्बन्ध में श्री अजय भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 03 अप्रैल, 2006 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

11. देहरादून महानगर के अन्तर्गत अजबपुर कलां स्थित माता मन्दिर मार्ग पर झूलते बिजली के तारों से उत्पन्न समस्या के सम्बन्ध में श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 03 अप्रैल, 2006 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 05 अप्रैल, 2006**

**( महेश चन्द्र )**
सचिव।

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 15 चैत्र, शक संवत्, 1928
### ( दिनांक : 05 अप्रैल, 2006 )

# नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>16-03-2006 | ** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में रतन जोत (जैट्राफा) के कुल कितने पौधे लगाये गये हैं तथा रतन जोत से आच्छदित भूमि का कुल क्षेत्रफल क्या है? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या रतन जोत के पौधों के लिये खाद खरीदी जा रही है? यदि हाँ, तो योजनान्तर्गत आज तक कुल कितनी धनराशि खाद खरीदने में व्यय की जा चुकी है खाद किस फर्म में किस दर से खरीदी गयी है? | वन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>21-03-2006 | ** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (श्रीनगर-गढ़वाल) द्वारा वर्ष 2005-06 हेतु जिन पांच संस्थानों को बी0एड0 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की अनुमति हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, को अनुमति प्रदान कर दी गई है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

# नत्थी "ख"

## उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत स्थगित

## तारांकित प्रश्न

श्री प्रकाश पन्त
24-09-2005

*1. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा अनुभाग-2 के आदेश संख्या 1091/XXIV-2/2005, दिनांक 13 सितम्बर, 2005 द्वारा शिक्षा निदेशालय में उपलब्ध संयुक्त निदेशक के पद को आस्थगित करते हुये पद के स्वीकृत वेतनमान से अधिक वेतनमान पर पुर्ननियुक्ति की गयी है? यदि हाँ, तो क्या नियुक्ति हेतु प्रचालित व निर्धारित औपचारिकतायें पूर्ण की गयीं? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

# नत्थी "ग"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23-12-2005 | *1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कृषकों हेतु कृषि बीमा पॉलिसी बनायी गई है? यदि हाँ, तो कृषि बीमा पालिसी क्या है? क्या सरकार कृषि बीमा पॉलिसी की प्रति उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12-01-2006 | *2. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कार्यरत अशंकालिक शिक्षक बन्धुओं की तदर्थ नियुक्ति करने के संबंध में कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा आयु सीमा पार कर चुके अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति प्रदान की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>13-01-2006 | *3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे स्थानान्तरणों में हो रही कथित अव्यवस्था को देखते हुये सरकार शिक्षकों से स्थानान्तरण विकल्प लेते हुये पारदर्शी स्थानान्तरण नीति बनाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>03-02-2006 | *4. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा की चौखुटिया तहसील अन्तर्गत रा0इ0का0 कलरौं में प्रवक्ता हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल और एल.टी. के चित्रकला व व्यायाम शिक्षक के पद रिक्त होने से उक्त विद्यालय के विद्यार्थियों का भविष्य अन्धकारमय हो चुका है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय में उक्त विषय में अध्यापकों की नियुक्ति कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री हरबंस कपूर<br>28-02-2006<br>डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>02-03-2006 | *5. **जांच आयोग के अधिकार क्षेत्र में होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>01-03-2006 | *6. क्या शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि वर्ष 2006-07 की पुस्तकें राष्ट्रीयकृत कक्षा 1 से 8 तक मुद्रित करने का कार्य न्यूनतम दरों पर निविदा देने वाली फर्मो को दिया गया? यदि हाँ, तो कौन सी फर्मो को मुद्रण कार्य दिया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>22-12-2005 | 1. | क्या लघु सिंचाई मंत्री विधान सभा के तृतीय सत्र-2005 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित अता0 प्रश्न सं0-69 के उत्तर के संदर्भ में बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड गंगोलीहाट के ग्राम रैतोला में विद्युत लिफ्ट योजना का कोई प्रारूप तैयार कर लिया गया है? यदि हाँ, तो कब तक इसे स्वीकृति दे दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>22-12-2005 | 2. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में संचालित माध्यमिक व्यवसायिक शिक्षा को सरकार ने बन्द करने का निर्णय लिया है? यदि हाँ, तो इसका प्रभाव कितने व्यवसायिक शिक्षकों पर पड़ेगा? क्या सरकार इन व्यवसायिक शिक्षकों को योग्यतानुसार शिक्षा विभाग के अन्य रिक्त पदों पर समायोजन करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-12-2005 | 3. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ में राजकीय इण्टर कालेज श्रीकोट, जूनियर हाईस्कूल के पुराने विद्यालय भवन पर चल रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्यालय भवन का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-12-2005 | 4. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वर्ष 2004-05 में कुल कितने शिक्षा मित्रों (सीटों) का आवंटन किया गया है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि छात्र मानकानुसार जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा मित्रों की नियुक्ति की जा चुकी है? यदि नहीं, तो रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>26-12-2005 | 5. | **दिनांक 27-03-2006 को अतारांकित प्रश्न संख्या 103 द्वारा उत्तरित** | |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-12-2005 | 6. | क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि भवाली 'जनपद नैनीताल' स्थित एक मात्र जूनियर हाईस्कूल को सरकार अनुदान सूची में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>31-12-2005 | 7. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य कार्य भी लिये जा रहे हैं? क्या यह सत्य है कि इसका प्रतिकूल प्रभाव बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राथमिक शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य न कराये जाने पर विचार कर रही है? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06-01-2006 | 8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार राज्य के शिक्षा आचार्यों को विद्या केन्द्रों से अपग्रेड हुए प्राथमिक विद्यालयों में कार्यानुभव अथवा प्रशिक्षण को आधार मानते हुये शिक्षा मित्रों के पदों पर समायोजित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06-01-2006 | 9. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के ग्राम अठाली मध्ये क्यूला में दिनांक 27/8/2005 को बादल फटने के कारण हुए भूस्खलन से क्यूला तोक सामूहिक सिंचाई गूल व तिमली तोक सामूहिक सिंचाई गूल क्षतिग्रस्त हुई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार काश्तकारों के हित में क्षतिग्रस्त गूलों का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09-01-2006 | 10. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के राजकीय इण्टर कॉलेज श्रीकोट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) कार्यक्रम कब से प्रारम्भ करवाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>10-01-2006 | 11. क्या शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में संस्कृत महाविद्यालयों में अध्यापकों के 130 पदों को भरने के लिये सरकार ने विज्ञप्ति जारी कर दी है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? | शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>12-01-2006 | 12. क्या शिक्षा मंत्री को यह जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में 1997 में स्वीकृत प्रा0वि0 ल्वाणी, सेमला तथा गिवाड़ीगांव में अध्यापकों के पद सृजित नहीं किये गये हैं? क्या सरकार इन विद्यालयों में शीघ्र पदों का सृजन करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>13-01-2006 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य मे राजकीय शिक्षक संघ की मान्यता सरकार द्वारा समाप्त कर दी गयी है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या सरकार अपने निर्णय पर पुर्नविचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>13-01-2006 | **14.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मृत संवर्ग सी.टी. के शिक्षकों को राज्य के अन्य शिक्षकों की भांति वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो रहा है? यदि नहीं, तो क्या सरकार पंचम वेतन आयोग की संस्तुति के अनुसार सी.टी. संवर्ग के समस्त अध्यापकों को भी अन्य अध्यापकों की भांति वेतन वृद्धि देने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>13-01-2006 | **15.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में शहीद भगवान सिंह राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्यूंजा के उच्चीकरण पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्या उक्त विद्यालय का उच्चीकरण इसी वित्तीय वर्ष में किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>13-01-2006 | **16.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002 से अब तक शिक्षा विभाग में एल.टी. संवर्ग तथा प्रवक्ताओं के पद हेतु उत्तरांचल में कुल कितनी नियुक्तियां हुई हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चयन में व्यायाम प्रशिक्षितों की भी नियुक्ति की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16-01-2006 | **17.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्राम पंचायत उस्तौली के धरगांव नामक तोक में प्राथमिक विद्यालय खोले जाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यहाँ प्रा0वि0 खोलने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16-01-2006 | **18.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड कर्णप्रयाग के प्रा0वि0 कुण्डडुगरा का भवन जीर्ण अवस्था में है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी उक्त भवन के पुनः निर्माण करने पर विचार करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री हरबंस कपूर<br>17-01-2006 | **19.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि पुलिस लाइन देहरादून स्थित प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पुलिस लाइन द्वारा खड़ी की गयी दीवार के कारण दो कि.मी. से अधिक की दूरी पैदल तय करनी पड़ती है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी उक्त स्कूल में बच्चों के आने के लिये कोई वैकल्पिक मार्ग तथा स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा टैन्ट न लगाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>17-01-2006<br>डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-02-2006 | **20.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पुस्तकालय अधिनियम पारित होने के बाद विभिन्न स्तरों पर पुस्तकालय स्थापित किये जाने हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? इस हेतु क्या कोई समयबद्ध कार्ययोजना बनाई गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>17-01-2006 | **21.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अशासकीय सहायता प्राप्त एवं अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों हेतु बी0टी0सी0 पत्राचार प्रशिक्षण (द्वितीय वर्ष) आरम्भ किये जाने के संबंध में शासन ने अब तक क्या निर्णय लिया है? यह प्रशिक्षण कब आरम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17-01-2006 | **22.** **दिनांक 27-03-2006 को अतारांकित प्रश्न संख्या 102 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17-01-2006 | **23.** क्या कृषि मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कृषि विविधीकरण योजना को पुनः प्रारम्भ करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? | **कृषि** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23-01-2006 | **24.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के मोख तल्ला के अन्तर्गत सेरा बामणीबगड़ नामक तोक में सिंचाई गूल निर्माण की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उक्त योजना पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>17-01-2006 | **25.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार उत्तरांचल मूल निवासी अन्य प्रदेशो से बी.टी.सी. प्रशिक्षण प्राप्त, युवक-युवतियों को अपने गृह जनपद में रिक्त पदों पर सेवायोजित किये जाने के संबंध में सरकार विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25-01-2006 | **26.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में ऊँचाई वाले क्षेत्रों में पैदा की जाने वाली फसलों के अनुसंधान हेतु द्वारी कृषि फार्म उपयुक्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त फार्म में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो कब तक? | **कृषि** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>28-01-2006 | **27.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के चौखुटिया विकासखण्ड के अन्तर्गत रा0इ0का0 चौखुटिया में जीव विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र तथा हिन्दी विषय के प्रवक्ताओं के पद कितने समय से रिक्त हैं? क्या यह सत्य है कि गणित विषय के अध्यापक को चौखुटिया से लालकुआँ में सम्बद्ध किया गया है? यदि हाँ, तो किन कारणों से तथा उपरोक्त विद्यालय में कब तक रिक्त पदों पर प्रवक्ताओं की तैनाती सुनिश्चित कर दी जायेगी? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>31-01-2006 | **28.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत जूनियर हाईस्कूल उथिण्ड में चारदीवारी न होने से छात्र-छात्राओं के गिरने का खतरा बना रहता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार तत्काल जूनियर हाईस्कूल उथिण्ड में चार दीवारी हेतु धन इसी वित्तीय वर्ष में उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>01-02-2006 | **29.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के चौखुटिया तहसील के अन्तर्गत किन-किन नहरों से सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है तथा कौन-कौन सी नहरें है जो पूर्ण व आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं? क्या सरकार क्षतिग्रस्त नहरों का पुनर्गठन कर निर्माण कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>01-02-2006 | **30.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के बेसिक पाठशालाओं में मिड डे मील हेतु भोजन पकाने वाली भोजन माताओं की कुल कितनी संख्या है तथा इन्हें प्रतिमाह दिया जाने वाला मानदेय क्या है? क्या सरकार भोजन माता को दिये जाने वाले मानदेय को बढ़ाकर प्रतिमाह एक हजार रूपये करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>03-02-2006 | **31.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा अन्तर्गत रा0इ0का0 जौरासी ( विकासखण्ड चौखुटिया ) में गणित विषय के अध्यापक को छोड़कर सभी पद रिक्त चल रहे हैं? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय में अध्यापकों की नियुक्ति कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-02-2006 | **32.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासकीय तथा अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के इन्टरमीडियेट विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत अधिकारियों को पंचम वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वेतन दिया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>06-02-2006 | **33.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माह दिसम्बर, 2005 तथा जनवरी, 2006 में जनपद पौड़ी के अवर अभियन्ताओं के स्थानान्तरण दूसरे जनपदों में किये गये हैं? यदि हाँ, तो वित्तीय वर्ष पूर्ण होने से पूर्व किये गये स्थानान्तरणों का आधार क्या है? क्या सरकार अपने निर्णय पर पुर्नविचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>06-02-2006 | **34.** क्या शिक्षा मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में प्रा0वि0 मुगरोली का भवन ध्वस्त है? यदि हाँ, तो सरकार वर्ष 2006 में भवन का निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>07-02-2006 | **35.** क्या शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद पिथौरागढ़ में प्रा0वि0 रानीखेत में वर्ष 1985 में श्री धनसिंह पुत्र श्री आन सिंह अध्यापक की सेवाकाल में मृत्यु हो गयी थी तथा तत्समय उनका पुत्र श्री खड़कसिंह नाबालिग था? यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतकाश्रित श्री खड़कसिंह को नियुक्ति प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>10-02-2006 | **36.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून जनपद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रायपुर में बालिका हाईस्कूल का भवन निर्माणाधीन है? यदि हाँ, तो कब तक भवन बनकर तैयार हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>15-02-2006 | **37.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत पी.टी.ए. शिक्षकों को नियमित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई तथा कब तक अन्तिम निर्णय कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>15-02-2006 | **38.** क्या शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद नैनीताल स्थित सी.आर.एस.टी. इण्टर कालेज का मुख्य भवन ''हैरिटेज बिल्डिंग'' की श्रेणी में सम्मिलित हो चुका है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जीर्ण-शीर्ण भवन के जीर्णोद्धार हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>23-02-2006 | **39.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2004-05 में राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में ''हिन्दी साहित्य सम्मेलन-इलाहाबाद'' से शिक्षा विशारद उपाधि धारकों को विशिष्ट बी0टी0सी0 प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया था? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>25-02-2006 | **40.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि थापला विकासखण्ड भीमताल जनपद नैनीताल में शैक्षिणिक कार्य सुव्यवस्थित करने हेतु क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक निर्माण कार्य कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>25-02-2006 | **41.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 55 विधान सभा क्षेत्र नैनीताल के अन्तर्गत कालाढूंगी व भवाली में कृषि उपमण्डी को स्थापित किये जाने का कोई प्रस्ताव शासन को प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो कब तक कृषि उपमण्डी की स्थापना की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत
01-03-2006

**42.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु राज्य सरकार द्वारा कक्षा 1 से 8वीं तक की पुस्तकों के मुद्रण का कार्य किन-किन मुद्रणालयों को दिया गया है? क्या कार्य आवंटन से पूर्व उक्त मुद्रणालयों की क्षमता का आकलन किया गया? यदि हाँ, तो कैसे? यदि नहीं, तो क्यों?

**शिक्षा**